साढ़े चार सौ करोड़ की विकास और राहत राशि देंगे सीएम

नवभारत न्यूज
ब्यावरा/राजगढ़ 17 अक्टूबर, का. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा आज 18 अक्टूबर को ब्यावरा प्रवास के दौरान विकासखंड ब्यावरा को विकास की बड़ी सौगात मिलने जा रही है. जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. यादव लगभग 226.81 करोड़ रुपए की विभिन्न विकास परियोजनाओं का भूमिपूजन एवं लोकार्पण करेंगे. जिसमें ब्यावरा विधानसभा के 154 करोड़ रुपए के विकास कार्य भी सम्मिलित है और इसके साथ ही किसान भाइयों को 277 करोड़ रुपए की राहत राशि का अंतरण प्रारम्भ करेंगे. राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग श्री नारायण सिंह पंवार ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में विकास और जनकल्याण के अभूतपूर्व कार्य हो रहे हैं. ब्यावरा प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा ब्यावरा विधानसभा सहित पूरे राजगढ़ जिले के लगभग 226.81 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया जाएगा.

मुख्यमंत्री श्री यादव द्वारा आज ब्यावरा नगर में पेयजल व्यवस्था, नवीन रेस्ट हाउस, सड़क निर्माण, शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई और अधोसंरचना से जुड़े अनेक कार्यों की सौगात देंगे. जिसमें नवीन जनपद पंचायत ब्यावरा कार्यालय भवन निर्माण, 2+2 व्हीआईपी रेस्ट हाउस निर्माण, सांदीपनि विद्यालय (सीएम राइज) ब्यावरा भवन निर्माण, सड़क निर्माण, पुनरखेड़ी से नापलियाखेड़ी मार्ग, सड़क निर्माण, अहिंसा द्वार से नेशनल हाईवे तक, सड़क निर्माण, बरखेड़ा कॉलोनी पहुंच मार्ग, गिन्दौरहाट-भगोरा-बैलास मार्ग, सड़क निर्माण, एनएच 752 बी से गिन्दौरहाट-सलेहपुर जोड़ मार्ग, सड़क चौड़ीकरण, लखनवास से दूधियादीवान (नरसिंहगढ़) मार्ग, सड़क निर्माण, देवलखेड़ा से कोडियागौड़ मार्ग, सड़क निर्माण, झरखेड़ा से खरेटिया मार्ग, नगर ब्यावरा हेतु अमृत 2.0 अंतर्गत मोहनपुरा जलप्रदाय योजना, मुख्यमंत्री अधोसंरचना मद अंतर्गत एबी रोड ब्यावरा सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्य, सुठालिया पार्वती सिंचाई परियोजना के अंतर्गत ग्राम सेमलापार, कांकरियागुर्जर, हूड़ा में प्रेशराइज्ड पाइप नहर प्रणाली निर्माण, अस्पताल रोड अजनार नदी पर पुल निर्माण, ब्यावरा नगर में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय, उपस्वास्थ्य केंद्र बाईहेड़ा, उपस्वास्थ्य केंद्र भंवास, विधानसभा क्षेत्र ब्यावरा अंतर्गत 08 ग्राम पंचायतों में पंचायत भवन निर्माण एवं विधानसभा क्षेत्र ब्यावरा अंतर्गत 11 ग्राम पंचायतों में सामुदायिक भवन निर्माण किया जाएगा.

मुख्यमंत्री का यह प्रवास ब्यावरा और समूचे जिले के लिए ऐतिहासिक अवसर होगा. मुख्यमंत्री के रूप में श्री मोहन यादव पहली बार ब्यावरा पधार रहे है. उनका यह दौरा अविस्मरणीय रहेगा.
नारायण सिंह पंवार, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार)